राजस्व वाद GCMS नंबर 2020/00113 बअनवान हंसाराम बनाम तहसीलदार बाली
वाद अंतर्गत धारा 88, 89, 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुये
	पत्रावली पेश हुई। वकुलाय उपस्थित। पत्रावली व उपलब्ध रेकर्ड का अध्ययन किया गया। पत्रावली की आदेशिकाओं के अवलोकन से ज्ञात है कि दिनांक 18.011.2024 से पत्रावली वादी शहादत में चल रही है। दिनांक 18.11.2024 से आदिनांक तक वादी की ओर से एक भी मौखिक साक्ष्य पेश नहीं किया गया है। यहां तक कि आदेशिका दिनांक 07.07.2025 से कॉस्ट पर वादी अधिवक्ता को तकरीबन 9 समयअवसर दिये गये। इसके बावजूद किसी प्रकार के साक्ष्य पेश नहीं किये है। जिससे वादी का उक्त वाद आदेश 9 नियम 2, 5 सीपीसी के प्रावधानों के तहत चलने योग्य नहीं रहने से वादी द्वारा ग्राम टीपरी के खसरा नंबर 464 रकबा 1.00 हैक्टर के संबंध में प्रस्तुत वाद अंतर्गत धारा 88, 89, 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो। न्यायालय उप-खण्ड अधिकारी बाली, जिला-पाली (राज.) सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी, बाली	

डिक्री बमुकदमें इब्तदाई
(ओ. 20 रूल 6, 7 जाब्ता दीवानी)

अज अदालत सहायक कलक्टर एवं पदेन् उपखण्ड अधिकारी, बाली जिला पाली (राजस्थान)
बइजलास श्री दिनेश विश्नोई, आर.ए.एस.

वादी :–

हंसाराम पुत्र दरगाराम जाति भांबी(मेघवाल) निवारी पांचलवाडा तहसील बाली

बनाम

प्रतिवादी :–

तहसीलदार (भूमिधारी) बाली जरिये राजस्थान सरकार तहसील बाली जिला पाली (राज)

राजस्व वाद प्रकरण संख्या Gcms No. 2020/00113
वाद अंतर्गत धारा 88, 89, 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955

यह मुकदमा आज वास्ते इनफिसाल कतई रूबरू हमारे समक्ष हाजरी वकील वादी व पेरोकार सरकार पेश होकर हुक्म दिया जाता है व डिगरी दी जाती है कि :–

पत्रावली व उपलब्ध रेकर्ड के अध्ययन के पश्चात वादी का उक्त वाद आदेश 9 नियम 2, 5 सीपीसी के प्रावधानों के तहत चलने योग्य नहीं रहने से वादी द्वारा ग्राम टीपरी के खसरा नंबर 464 रकबा 1.00 हैक्टर के संबंध में प्रस्तुत वाद अंतर्गत धारा 88, 89, 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 खारिज किया जाता है। इसी कदर डिक्री पर्चा जारी किया।

बसब्ब मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख को जारी किया गया।
मोहर

न्यायालय उप - खण्ड अधिकारी
बाली, जिला - पाली (राज.)

(दिनेश विश्नोई)
सहायक कलक्टर एवं पदेन
उपखण्ड अधिकारी, बाली

Scanned with OKEN Scanner